



# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 14 जनवरी 2025

संवत 2081, माघ कृष्ण प्रतिपद- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 129 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां और भारतीय खेती

चैंपियंस ट्रॉफी तक भारतीय टीम के कप्तान बने रहेंगे रोहित शर्मा ◂◂ 6


## कुडू में अपराधी की गोली मारकर हत्या

### रांची के पंडरा लूट-कांड में था शामिल



संवाददाता

**रांची/लाहरदगा :** लोहरदगा के कुडू बस स्टैंड में एक अपराधी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान अपराधी सुभाष उर्फ छोटू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दो अपराधी गुटों के बीच हुए आपसी विवाद में सुभाष की हत्या की गयी है। लोहरदगा पुलिस ने एक हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि मृतक अपराधी सुभाष उर्फ छोटू रांची के पंडरा में हुए 13 लाख रुपए लूट-कांड में शामिल था। इसके अलावा एक व्यक्ति को गोली मारने में भी उसकी संलिप्पता थी। जिसको लेकर रांची पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। लेकिन पुलिस के हाथ लगने से पहले ही उसकी हत्या कर दी गयी।

# झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से, राज्यपाल ने दी मंजूरी

### ● 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा बजट सत्र ● 3 मार्च को पेश होगा बजट

संवाददता

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है, जिसे राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंजूरी दे दी है। 24 फरवरी से शुरू होकर 27 मार्च तक बजट सत्र चलेगा। बजट सत्र के पहले दिन नए सदस्यों के शपथ ग्रहण के अलावा राज्यपाल का अभिभाषण और शोक प्रकाश का कार्यक्रम है। बजट सत्र के पहले दिन 24 फरवरी को साढ़े ग्यारह बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। देश की दिवंगत विभूतियों को इस दिन याद कर श्रद्धांजलि देने के साथ सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। बजट सत्र में कुल 20 कार्य दिवस निर्धारित हैं।



3 मार्च को पेश होगा बजटः राज्यपाल के अभिभाषण पर दूसरे दिन 25 फरवरी और तीसरे दिन 27 फरवरी को वाद-विवाद के साथ सरकार का उत्तर होगा। 26 फरवरी को अवकाश रहेगा। 28 फरवरी को सरकार चालू वित्त वर्ष का तीसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी। तीन मार्च को प्रश्नकाल के बाद वित्त वर्ष 2025-26 का बजट हेमंत सरकार पेश करेगी। सत्र के अंतिम दिन 27 मार्च को प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक और गैर सरकारी संकल्प लाए जाएंगे।

**बजट सत्र का पूरा शेड्यूल**

**24 फरवरी :** नए सदस्यों की शपथ, राज्यपाल का अभिभाषण, शोक प्रकाश
**25 फरवरी:** प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद
**26 फरवरी :** अवकाश
**27 फरवरी :** प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2024-25 का तीसरा अनुपूरक बजट, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा, सरकार का उत्तर
**28 फरवरी :** प्रश्नकाल, अनुपूरक पर चर्चा
**01 से 02 मार्च :** अवकाश
**03 मार्च :** वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट
**04से 07 मार्चः** प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
**08 से 09 मार्चः** अवकाश
**10 से 11 मार्चः** प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
**12 से 16 मार्च तक :** अवकाश
**17 से 21 मार्चः** प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
**22-23 मार्चः** अवकाश
**24 मार्चः** प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, विनियोग विधेयक
**25 मार्चः** प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक
**26 मार्चः** प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक व अन्य राजकीय कार्य
**27 मार्चः** प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प

## आतिशी ने दाखिल किया नामांकन पत्र, कालकाजी सीट से लड़ रहीं चुनाव

**दिल्लीः** मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार आतिशी ने मंगलवार को लाजपत नगर में जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में कालकाजी सीट से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। दिल्ली में 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव 5 फरवरी को होंगे और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। 1998 से दिल्ली की सत्ता से बाहर बीजेपी ने चुनाव जीतने और 2013 से दबदबा बनाए रखने वाली अअढ की जगह लेने के लिए हर संभव प्रयास किया है।

आतिशी कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र सोमवार को दाखिल नहीं कर सकीं। यह जानकारी आम आदमी पार्टी (आप) के एक नेता ने दी। मुख्यमंत्री आतिशी ने गिरि नगर स्थित एक गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया के साथ एक रोडशो किया और फिर नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय की ओर रवाना हुईं।




हालांकि, रोडशो में देरी होने के कारण वह नामांकन पत्र दाखिल किए बिना ही अपराह्न तीन बजे अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं के साथ निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मिलने के लिए आयोग के दफ्तर चली गईं। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र हर दिन अपराह्न तीन बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। वहीं, विधानसभा चुनाव से पहले आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। दिल्ली पुलिस ने कहा कि राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सरकारी वाहन के इस्तेमाल पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए बीएनएस 223 (ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। हालांकि, आप ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि ऐसी कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

### सीएम हेमंत ने मकर संक्रांति के अवसर पर दी बधाई, कहा-

## प्रकृति का यह महापर्व सभी को स्वस्थ, समृद्ध और खुशहाल रखे



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मकर संक्रांति पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि प्रकृति और लोक उत्सव का महापर्व सोहराय, टुसू परब, बुरु मागे परब और मकर संक्रांति की आप सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। प्रकृति का यह महापर्व आप सभी को स्वस्थ रखें। आप सभी समृद्ध और खुशहाल रहें, यही कामना करता हूँ।

बता दें कि मकर संक्रांति हिंदुओं का एक महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है जो सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने के दौरान मनाया जाता है। इस दिन सूर्य देव, चंद्र देव और भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व होता है। मकर संक्रांति के पावन स्नान के बाद लोग चूड़ा, दही, तिलकुट खाते और खिलाते हैं।

### 15 वर्षीय छात्र ने परिवार के सामने खुद को मारी गोली

## ताकि जान सके कि मौत के बाद आत्मा कहां जाती है



**मेरठः** मौत के बाद आत्मा कहां जाती है? इसका जवाब जानने के लिए नौवीं कक्षा के एक छात्र ने अपने परिजनों के सामने खुद को गोली मार ली। यह चौकाने वाली घटना उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के भावनपुर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि छात्र की ओर से इंटरनेट पर खंगाली गई सामग्री से पता चला है कि वह यह जानने को उत्सुक था कि मौत के बाद आत्मा कहां जाती है।

भावनपुर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि एपेक्स कॉलोनी में रहने वाले छात्र (15) ने अपने परिजनों के सामने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना के संबंध में अभी तक परिजनों ने तहरीर नहीं दी है और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। कुमार के अनुसार, खुद को गोली मारने से पहले छात्र ने इंटरनेट पर खंगाला था कि 'मौत के बाद क्या होता है', 'मृत्यु के तरीके' और 'मौत के बाद इंसान की आत्मा कहां जाती है'। उन्होंने बताया कि छात्र के मोबाइल की जांच करने पर पता चला है कि उसने गरुड़ पुराण के बारे में सामग्री खंगाली थी। कुमार के मुताबिक, छात्र के कमरे से घटना में इस्तेमाल तमंचा बरामद कर लिया गया है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उसके हाथ तमंचा कैसे लगा। उन्होंने बताया कि पुलिस की जांच में मां और बड़े भाई के डांटने से नाराज होकर छात्र के यह कदम उठाने की बात सामने आई है। कुमार के अनुसार, पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि परिजनों ने छात्र को गलत संगत में बैठने पर डांटा था और उसकी बुलेट बाइक भी बेच दी थी, जो उसे बहुत प्रिय थी। उन्होंने बताया कि छात्र का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है और मामले में आगे की जांच की जा रही है।



### जम्मू-कश्मीर में गणतंत्र दिवस पर आतंकी हमले की साजिश

## डोडा, सांबा और कठुआ में हाई अलर्ट

**डोडा :** गणतंत्र दिवस को लेकर तीन जिलों में हाईअलर्ट जारी किया है। तीनों जिलों की हदें एकसाथ जुड़ती हैं। इन जिलों में पिछले वर्ष आतंकी हमले भी हो चुके हैं। ऐसा सूचना है कि आतंकी कठुआ, किश्तवाड़ और रामबन में आतंकी हमला कर सकते हैं। पिछले दिनों डोडा के ऊपरी इलाकों में आतंकियों के दो समूहों को देखा भी गया। हालांकि एजेंसियां ये पता नहीं लगा पा रहीं कि ये आतंकी पुराने हैं या फिर नया समूह है। पिछले साल डोडा में पांच सैन्यकर्मी बलिदान हुए थे। जबकि चार आतंकी मारे गए। लेकिन बीच-बीच में आतंकियों की मौजूदगी देखी जा रही है। डोडा, किश्तवाड़, कठुआ और हिमाचल प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है, इसलिए जिले में सक्रिय आतंकवादियों की सही संख्या का एजेंसियां पता नहीं लगा पा रहीं। डोडा के एसएसपी संदीप मेहता का कहना है कि पुलिस ने राष्ट्र विरोधी तत्वों, विशेष रूप से आतंकवादियों की सहायता करने वाले ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के खिलाफ अपने अभियान तेज कर दिए हैं। पुलिस ने पिछले दो हफ्तों में ऐसे नौ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। कहा कि जिले के बाहरी इलाकों में स्थित हमारी इकाइयां अधिकतम अलर्ट पर हैं।

# महाकुंभ 2025 : अखाड़ों का अमृत स्नान जारी, नागा साधुओं ने किया युद्ध कला का प्रदर्शन,1.60 करोड़ लोगों ने लगाई डुबकी

**प्रयागराजः** महाकुंभ के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को सुबह से अखाड़ों के साधु संतों का अमृत स्नान जारी है। इस बीच, सुबह दस बजे तक एक करोड़ 60 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मेला प्रशासन ने यह जानकारी दी। अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने हर हर महादेव के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया।

'भाग्यशाली लोगों को महाकुम्भ में स्नान का अवसर मिलता है': अमृत स्नान के उपरांत महानिवार्णी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतन गिरि जी महाराज ने कहा, हर 12 साल में पूर्ण कुम्भ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुम्भ होने पर 144 साल बाद यह महाकुम्भ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुम्भ में स्नान का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि महानिवार्णी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। महानिवार्णी और अटल अखाड़ा के बाद तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। इसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी चल रहे थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे। इनके पीछे नागा सन्यासियों की टोली थी। इन सभी के बीच निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे।



**'हजारों की संख्या में नागा सन्यासियों ने अमृत स्नान किया' :** अमृत स्नान के बाद निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने कहा, हम सात बज कर 15 मिनट पर स्नान घाट पर पहुंचे और सात बज कर 45 मिनट पर हमने स्नान कर घाट खाली कर दिया। आधे घंटे में निरंजनी अखाड़े और आनंद अखाड़े के हजारों साधु संतों ने स्नान किया। निरंजनी अखाड़े के 35 महामंडलेश्वरों ने और हजारों की संख्या में नागा सन्यासियों ने अमृत स्नान किया। निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा, घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि युवाओं में सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की।

**अमृत स्नान शाम चार बजे तक पूरा होने की संभावना :** निरंजनी अखाड़े और आनंद अखाड़े के बाद संख्या बल में सबसे अधिक जूना अखाड़े और आवाहन अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। इनमें जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भव्य रथ पर सवार होकर स्नान घाट पर आए और उनके साथ हजारों की संख्या में नागा सन्यासी भी थे। बारी बारी से तेरह अखाड़ों का अमृत स्नान शाम चार बजे तक पूरा होने की संभावना है।

न्यूज ब्रीफ

## गरीब व जरूरतमंदों के बीच 400 कंबल का वितरण



**रांचीः** कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश उपाध्यक तनवीर खान ने अपने आवास नाजीर अली लेन में ठंड को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों से आए गरीब जरूरतमंदों के बीच 400 चार सौ कंबल का वितरण किया । कंबल लेने के बाद गरीबों के चेहरे में मुस्कुराहट देखने को मिला । तनवीर खान ने कहा कि गरीबों की मदद करना बेहतरीन काम है । ऐसे शुभदायक काम में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए । उन्होंने कहा कि रात के अंधेरे में भी गरीबों जरूरतमंदों को ढूंढ ढूंढ कर कंबल देने का कार्य हम लोग करेंगे । इस मौके पर रुस्तम अली समेत कई लोग मौजूद थे।

## सीओ व ग्रामीणों में झड़प, ड्राइवर घायल, एक ट्रैक्टर जब्त



**कोडरमा :** जिले के सतगावां थाना क्षेत्र के समलडीह बालू घाट में बालू खनन पर अवैध खनन करने वालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान एक बड़ी घटना होते होते रह गई। छापेमारी अभियान में पहुंचे सतगावां सीओ केशव प्रसाद चौधरी व ग्रामीणों के बीच झड़प हो गयी, जब सीओ अवैध तरीके से हो रहे बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने वहां पहुंचे थे। इस झड़प में हालांकि वे बाल-बाल बच गए, लेकिन इसमें सीओ के ड्राइवर घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मामला सतगावां थाना क्षेत्र के समलडीह बालू घाट का है जहां नदी में चल रहे अवैध बालू खनन व परिवहन के खिलाफ सीओ कार्रवाई करने पहुंचे थे। बिना पुलिस सुरक्षा के पहुंचे सीओ को बालू माफियाओं ने घेर लिया और उनके चालक के साथ मारपीट कर दिया। सीओ ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीओ को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराया। वहीं बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले आयी। वहीं अन्य ट्रैक्टर भागने में सफल रहा। समाचार लिखे जाने तक सीओ की ओर से स्थानीय थाना में कोई आवेदन नहीं दिया गया है।।

## जिला परिषद सदस्य ने किया दही- चूड़ा -सह-मिलन समारोह का आयोजन



**कोडरमाः** जिला परिषद भाग संख्या चार के सदस्य लक्ष्मण यादव द्वारा पिछले 6 वर्षों से आयोजित किए जा रहे चूड़ा-दही कार्यक्रम के तहत, इस वर्ष 2025 में पुरुष पूर्णिमा के अवसर पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस उत्सव में कोडरमा क्षेत्र एवं अन्य स्थानों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और दही-चूड़ा का आनंद लिया। 13 जनवरी 2025 (सोमवार) को लाराबाद में लक्ष्मण यादव के निवास पर 'दही-चूड़ा- सह-मिलन समारोह' का आयोजन हुआ, जहां सभी ने मिलकर मकर संक्रांति की खुशियों को साझा किया। दही और चूड़े का सेवन इस दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यह न केवल त्योहार का एक प्रमुख हिस्सा है, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं का भी प्रतीक है। समारोह में उपस्थित अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया, जिसमें जिप सदस्य महेंद्र यादव, उप मुखिया बेकोबार उत्तरी लक्ष्मण यादव, मंसूर अली, केदार यादव, दिलीप कुमार यादव, ऋषि देव यादव, और कई अन्य प्रमुख व्यक्ति शामिल थे। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं और जनमानस ने कार्यक्रम में भाग लिया, जो एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। इस मौके पर लक्ष्मण यादव ने सभी देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी और कुंभ पर्व के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं भी प्रकट की।

## हजारों लोगों ने स्वर्ण रेखा नदी में लगाई डुबकी



**मुरीः** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्वर्ण रेखा नदी में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने डुबकी के बाद सूर्य भगवान को जल अर्पित किया। अपने परिवार की शुभकामना के लिए आशीष मांगा। मुरी रेलवे स्वर्णरेखा वाट,छठ धाट,तुलिन वाट में आस पास के हजारों ग्रामीण पहुंचे। इसी घाट पर आज मेला भी लगाया गया। सुबह से ही दूर- दूर से लोग स्नान को पहुंचे।

## डीआईजी को दी नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं

**रांचीः** सर्वधर्म सद्भावना समिति का एक प्रतिनिधिमंडल समिति अध्यक्ष मो इसलाम के नेतृत्व में डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम से मिलकर उन्हें बुके एवं शाल भेंट कर नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की बधाई दी। उक्त अवसर पर समिति के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम ने नौशाद आलम को रांची के विभिन्न ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि उनके ग्रामीण एसपी के कार्यकाल में रहते हुए सर्वधर्म के विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी अहम भूमिका रही है एवं समय-समय पर बड़ी से बड़ी समस्याओं का निदान करने में उनका प्रशासनिक स्तर पर अपार सहयोग रहा है।

### जिला पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न, उपायुक्त ने दिये जरूरी दिशा-निर्देश

# सड़क किनारे वृक्षों पर कील ठोककर लगे विज्ञापन को हटाना सुनिश्चित करेंगे: डीसी

### क्रशरों/खनन लीज एवं अन्य औद्योगिक इकाईयों की सीमाओं पर करें पौधरोपण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुआ। बैठक में पर्यावरण से संबंधित सभी अधिनियमों तथ नियमों के क्रियान्वयन, एनजीटी न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा विभिन्न वादों में पारित आदेशों के अनुपालन की समीक्षा किया गया। साथ ही जिला स्तरीय पर्यावरण समिति में 2 (दो) पर्यावरण विशेषज्ञ को सदस्य के रूप में मनोनयन करने पर चर्चा किया गया और सडक किनारे वृक्षों पर कील ठोककर विज्ञापन लगाने के कारण वृक्षों को हो रहे नुकसान से बचाने हेतु कील को शीघ्र हटवाकर फोटोग्राफिक प्रतिवेदन समर्पित करने की समीक्षा किया गया और जिला में संचालित क्रशरों/खनन लीज (बंद एवं चालू दोनों) एवं अन्य औद्योगिक इकाईयों की सीमाओं पर वृक्षारोपण कार्य पर चर्चा किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने नगर परिषद् झुमरी तिलैया व नगर पंचायत कोडरमा/डोमचांच को निर्देशित करते हुए कहा कि सडक किनारे वृक्षों पर कील ठोककर विज्ञापन लगाने के कारण वृक्षों को हो रहे नुकसान से बचाने हेतु कील को शीघ्र हटवाकर फोटोग्राफिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि



अभियान चलाते हुए सडक किनारे वृक्षों पर कील ठोककर लगे विज्ञापन को हटाना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय पर्यावरण समिति में पर्यावरण विशेषज्ञ को सदस्य के रूप में मनोनयन करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त महोदया ने खनन निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला में संचालित क्रशरों/खनन लीज (बंद एवं चालू दोनों) एवं अन्य औद्योगिक इकाईयों की सीमाओं पर पौधरोपण कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे।

उपस्थितिः- वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमण्डल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, हजारीबाग, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, झुमरीतिलैया, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, कोडरमा/ डोमचाँच, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, झुमरीतिलैया, कार्यपालक अभियंता, लघु सिचाई प्रमण्डल, कोडरमा, जिला भू-संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा सभी अंचल अधिकारी मौजूद रहे।

## शंकर घाट मेला में उमड़ी भीड़, विधायक ने किया चौड़ल मंडली को पुरस्कृत



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिल्ली :** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जिंतीपीडी पहाड़ सिंह संगम स्थल पर शंकर घाट मेला धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर लोगों ने नदी के पवित्र जल में स्नान कर शंकर भगवान की पूजा अर्चना किया साथ ही दान कर अपने उज्वल भविष्य की कामना की। लोग सुबह से उत्साह के साथ गाजे-बाजे व चौडलों के साथ नृत्य करते हुए मेला पहुंचे । हजारों लोगों ने दिन भर मेले का आनंद लिया। मेले में पाता नाच आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा मेले में टुसू प्रदर्शनी, साधु संगीत, आदि कार्यक्रम हुए। मेले में आधुनिक हथियार, कृषि औजार, घरेलू उपकरण, ढोल नगाड़ा, महिला सौंदर्य प्रशाधन की जमकर खरीद-बिक्री हो रही थी। मेले में आकर्षक चौडल मंडली को स्थानीय विधायक अमित महतो ने पुरस्कृत किया। मेला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की संस्कृति सभ्यता हम सबके बीच में उत्साह उमंग और भाईचारे का संचार करता है।

## भ्रष्टाचार और बेईमानी खत्म करने की जरूरत : निपु सिंह



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री एवं रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी निपु सिंह ने कहा कि अगर देश को आगे बढ़ाना है और विकास की ओर ले जाना है तो देश से भ्रष्टाचार और बेईमानी को खत्म करना होगा ।

श्री सिंह ने कहा कि देश को चारों तरफ से भ्रष्टाचार और बेईमान घेर चुके हैं किसको ईमानदार बोले किसको बेईमान बोले यह किसी भी व्यक्ति को बताना बहुत मुश्किल हो गया है इससे निकलना देश के लिए काफी मुश्किल है इसका एक ही उपाय है हर इंसान को यह ठान लेना होगा की अपना घर परिवार और खानदान से ही भ्रष्टाचारी और बेईमान को खत्म करें तभी जाकर देश में भ्रष्टाचारी और बेईमान खत्म होगा और कहां की देश को विकास की तरफ ले जाने के लिए सबसे पहले अपने आप को ईमानदार बनना होगा और सभी सरकारी कर्मचारी, पुलिस प्रशासन, वकील, डॉक्टर और नेता मंत्री को सबसे अधिक ईमानदार उन्हीं को बनना होगा तभी जाकर देश का चौमुखी विकास होगा और प्रगति की ओर देश जाएगा ।

## गायब हैं एसबीआई के ब्रांच मैनेजर




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** जिले के डोमचांच प्रखंड मे स्थित भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच शाखा के शाखा प्रबंधक न्यायालय जिला उपभोक्ता फोरम कोडरमा के इजराय वाद संख्या 11/ 2017 रामकृष्ण मेहता बनाम शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच वगैरह में न्यायालय से डी डब्लू वारंट 7 जनवरी 2025 को जारी हुआ। न्यायालय जिला उपभोक्ता फॉर्म के परिवाद संख्या 4/2017 में माननीय न्यायालय के द्वारा पारित आदेश का पालन नहीं करने के कारण डी डब्लू वारंट जारी करना पड़ा। भारतीय स्टेट बैंक,डोमचांच शाखा प्रबंधक गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहे है। ग्राहक को खूब परेशानी हो रही है। मकर संक्रांति उत्सव में ब्रांच मैनेजर का फरार हो जाना दाल में काला लगता है। ब्रांच को संभाल रहे पर प्रभारी का कहना है कि शाखा प्रबंधक अभी छुट्टी पर है।आखिर कब तक छुट्टी पर रहेंगे यह भी साफ सुथरा नहीं बता रहे। हैं,इससे साफ पता चलता है कि भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच शाखा के सभी पदाधिकारी एवं स्टाफ आपस में मिले-जुले हैं।इधर डोमचांच थाना माननीय न्यायालय के आदेश पालन कराने में दिन-रात एक कर दिए हैं। डोमचांच थाना के द्वारा ब्रांच मैनेजर का मोबाइल नंबर भी बार-बार ट्रैक किया जा रहा है।

# ऊषा मार्टिन में कार्यरत कृष्ण महतो को अब तक नहीं मिला मुआवजा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मुरीः** दुर्घटनाग्रस्त कृष्णा महतो को टाटीसिलवे उषा मार्टिन से अब तक मुआवजा नहीं मिला है। ज्ञात हो कि सिल्ली निवासी कृष्णा महतो टाटीसिलवे स्थित ऊषा मार्टिन में विगत 12 सालों से कॉन्ट्रैक्टर का काम कर रहे थे। ये ददन कुमार इंजीनियरिंग वर्क्स में पावर प्लांट में कार्यरत थे। 27 जुलाई 2024 को सी सिफ्ट (रात्रि बेला) में कार्य करते वक्त कन्वेयर में हाथ फंस जाने के कारण उनका दाहिना हाथ कट गया। लगभग छह महीने से उनका इलाज चल रहा है। इन 6 महीने में मजदूर कृष्णा महतो को किसी भी प्रकार का कोई मानदेय भी नहीं दिया गया, जिस से परिवार को चलाने में उनकी धर्मपत्नी को काफी मुश्किलें उठाने पड़ रही है। इसे लेकर कृष्ण की




पत्नी प्रबंधन से बात करना चाहती है लेकिन प्रबंधन मिलने से आनाकानी कर रहा है ।

कृष्णा महतो के शारीरिक क्षति को देखकर भी ठेकेदार व ऊषा मार्टिन प्रबंधक दोनों ही हाथ खड़ा कर दे रहे हैं। आज संजीता देवी (पत्नी) जब ऊषा मार्टिन के प्रबंधन से मिल कर बात करने गई तो प्रबंधन से मिलने नहीं दिया गया और न तो यूनियन के लोगों से मिलने दिया गया। ठेकेदार की तरफ से विवेक कुमार नमक व्यक्ति ने पीड़ित महिला ओर मजदूर कृष्ण महतो से भला बुरा कहा ओर कहा कि जो करना है कर लो कुछ नहीं मिलेगा। पहले यह कह कर बहला फुसला के रखा था कि नौकरी देंगे, लेकिन ज्यों ही उस पर लिखित देने को कहा तो कहने लगे कुछ लिखित में नहीं मिलेगा। सिर्फ कृष्णा महतो को ही काम मिलेगा करना है तो करे।

आपको बताते चलें कि कृष्णा महतो के पैर का कुछ हिस्सा (दाए) भी मशीन में फंसने के कारण क्षतिग्रस्त हुआ था और हांथ पूर्ण रूप से कट जाने के कारण वो अपना दैनिक कार्य भी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं और मानसिक रूप से असंतुलित महसूस कर रहे हैं। आप तस्वीर में साफ साफ देख सकते हैं कि हाथ के काटने से आधा सीना भी क्षति हुआ है। पीड़ित मजदूर की पत्नी ने श्रम विभाग झारखण्ड सरकार ,भारत सरकार और राष्ट्रीय सूचनाधिकार मानवाधिकार को न्याय की गुहार के लिए आवेदन लिखा। झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता भी उस पीड़ित परिवार से मिला और मदद करने का आश्वासन दिया।

## सीआई रांची ने खेला कंट्री क्रिकेट क्लब के साथ फ्रेंडली मैच

रांचीः जेसीआई रांची अपने क्रिकेट प्रेम के लिए जाना जाता है। जेपीएल और आरसीएल लीग मैच पूरे रांची से लोग देखने और खेलने आते है। इसकी शुरूआत करते हुए सोमवार को जेसीआई ओर कंट्री क्रिकेट क्लब (सीसीसी) के बीच जेएससीए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के ओवल ग्राउंड में एक फ्रेंडली मैच खेला गया जिसमें सीसीसी ने 2 रनों से जीत दर्ज की। इस रोमांचक मैच में आखरी दो गेंदों में जेसीआई रांची की ओर से राजेश जैन ने दो छक्के मारे लेकिन केवल दो रनों से मैच जीत नहीं पाए। सीसीसी ने कुल 8 विकेट खो कर 16 ओवर में 155 रन बनाए, वहीं जेसीआई ने 9 विकेट खो कर 16 ओवर में 153 रन बनाए। बेस्ट बल्लेबाज का खिताब पीयूष सिंह को, बेस्ट गेंदबाज का खिताब अनुपम को और मैन ऑफ मैच का खिताब पीयूष सिंह को दिया गया।

# मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** 13 जनवरी 2025ः पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, भा०पु०से० की अध्यक्षता में आज मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में दिसंबर माह के दौरान किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई और सभी थाना/ओपी प्रभारी तथा संबंधित शाखा प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के प्रमुख निर्णयः

1. पिछले 12 माह की समीक्षाः थाना प्रभारियों द्वारा विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, कांड निष्पादन, वारंट और कुर्की जैसे कार्यों की समीक्षा की गई।
2. लंबित कांडों का निष्पादनः सभी लंबित कांडों में तुरंत कार्रवाई कर कांडों का निष्पादन करने का आदेश दिया गया।
3. दिसंबर 2025 की रिपोर्टः दिसंबर माह में दर्ज कांडों की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।
4. पर्वेक्षण रिपोर्टः सभी पुलिस उपाधीक्षक एवं निरीक्षकों को लंबित




पर्वेक्षण प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर समर्पित करने का आदेश दिया गया।
5. अवैध उत्खनन पर रोकः अवैध कोयला, बालू और पत्थर के उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए।
6. निरोधात्मक कार्रवाईः उपद्रवियों और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कठोर निरोधात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया।
7. वाहन चोरी की रोकथामः वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एंटी क्राइम चेकिंग और पेट्रोलिंग को सुदृढ़ किया जाएगा।
8. विशेष अभियानः थाना प्रभारियों को लंबित वारंटों और कुर्की के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया गया।
9. चेकपोस्ट पर जांचः अंतरराज्य और अंतरजिला चेकपोस्ट पर सघन वाहन जांच का निर्देश दिया गया।
10. सड़क सुरक्षाः सड़क सुरक्षा के लिए सभी एहतियाती कदम उठाने और यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।
11. जन शिकायतों का निपटाराः जन शिकायत समाधान से संबंधित सभी कांडों को निष्पादन करने का आदेश दिया गया।
12. पुलिस सभा का आयोजनः बैठक में पुलिस से संबंधित समस्याओं का समाधान खोजने हेतु पुलिस सभा का आयोजन किया गया, जिसमें संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

यह बैठक कोडरमा पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारी के साथ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## मंत्री चमरा लिंडा ने कमड़े स्थित आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

# गड़बड़ियां देख हुए नाराज, कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने का दिया आदेश

संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार में कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने जब से पदभार संभाला है तब से वह लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। इस बार उन्होंने रांची के कमड़े स्थित आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई गड़बड़ियां मिलीं। जिससे वह नाराज हो गये। उन्होंने फौरन रांची डीसी को फोन लगाया और खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने वाली कंपनी आदर्श इंटरप्राइजेज को ब्लैक लिस्ट करने का निर्देश दिया।

मंत्री चमरा लिंडा ने भोजन में मिलने वाली मेन्यू के बारे में जानाः दरअसल कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने विद्यालय में



अध्यनरत छात्रों से बात की और उनसे भोजन में मिलने वाली मेन्यू के बारे में जाना। इस दौरान बच्चों ने उन्हें बताया कि उन्हें मेन्यू के मुताबिक खाना नहीं मिलता है। जिसके बाद उन्होंने रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को फोन लगाया और उन्हें सारी चीजों से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने खाद्य सामाग्री उपलब्ध कराने वाली कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने का निर्देश दे दिया। साथ ही स्कूल के प्रिंसिपल को कारण बताओ नोटिस जारी कर विभागीय कार्रवाई शुरू करा दी।

मंत्री चमरा लिंडा ने साझा की पूरी जानकारीः मंत्री चमरा लिंडा ने इसकी पूरी जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है कि हम अपने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। बुनियादी सुविधाओं से लेकर उच्च संसाधनों पर हमारी पैनी नजर है। नियमों का कड़ाई से पालन हो, पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा। साथ ही उन्होंने लिखा कि अब मैं अपने बच्चों के हाथ में झारखंड का बेहतर भविष्य देख रहा हूं।

# वी के उपभोक्ताओं को मिलेगा महा कुंभ मेले के लाइव दर्शन का अनुभव

मेट्रो रेज

रांचीः वीके यूजर, वी मूवीज एण्ड टीवी ऐप, पावर्ड बाय शेमारो पर सीधे प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से शाही स्नान, अखाड़ा जुलूस और गंगा आरती का लाइव कवरेज देख सकेंगे। 12 साल में एक बार होने वाला महा कुंभ मेले का आयोजन उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 156 किलोमीटर में 22 पंटून पुलों के साथ 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 के बीच किया जा रहा है। उम्मीद है कि मेले में इस साल 40 करोड़ श्रद्धालु पहुंचेगे। ऐसे में यह सबसे बड़े मानव समागमों में से एक होगा। इस महा कुंभ मेले को सभी के लिए सुलभ बनाने के प्रयास में जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने वी मुवीज एण्ड टीवी पर लाइव स्ट्रीमिंग के लिए शेमारो के साथ साझेदारी की है। वी के उपभोक्ता मकर संक्रांति (14



जनवरी), मौनी अमावस्या (29 जनवरी) और महाशिवरात्रि (26 फरवरी) के दिन शाही स्नान का अनुभव पा सकेंगे, जब संत और श्रद्धालु पवित्र जल में डुबकी लगाएंगे। उपभोक्ता विशेष रूप से रिकॉर्ड किए गए कंटेंट, अखाड़ों के दौरे, लोक संगीत एवं भक्ति गीतों के सांस्कृतिक प्रदर्शन तथा लाखों तीर्थयात्रियों को सहयोग प्रदान करने वाले विशाल बुनियादी ढांचे की कहानियों का एक्सेस भी पा सकेंगे। इसके विशेष फीचर्स में शामिल है संतों एवं आध्यात्मिक लीडरों के साथ इंटरव्यू कल्पवासियों पर विशेष फीचर्स और पहली बार आने वाले तीर्थयात्रियों की मार्मिक कहानियां।

यह पहल लोगों को कनेक्ट करने के लिए टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल की वी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। टियर 2 और टियर 3 शहर अब नए ओटीटी व्यूअरशिप के विकास में 60 फीसदी योगदान देते हैं, स्थानीय एवं आध्यात्मिक कंटेंट की बढ़ती मांग के साथ वी सुनिश्चित कर रहा है कि महा कुंभ मेला सभी के लिए सुलभ हो। श्रद्धालु वी मूवीज एण्ड टीवी ऐप या वी मुवीज एण्ड टीवी टैब के तहत वी ऐप पर अपनी आध्यात्मिक यात्रा शुरू कर सकते हैं, वे किसी भी समय, कहीं पर भी शेमारो से पावर्ड लाईव स्ट्रीमिंग का आनंद उठा सकते हैं।

## रांची में बढ़ रहा साइबर ठगों का आतंक

# रिटायर्ड अधिकारी को 11 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 2.27 करोड़

मेट्रो रेज

**रांचीः** आजकल साइबर ठगी और धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर ठग लोगों को अपनी चुंगल में फंसाने के लिए नए-नए तरीकों का इस्तेमाल कर रहे है। इसी कड़ी में साइबर अपराधियों ने रांची के बरियातु इलाके से एक सेवानिवृत्त कोयला कंपनी अधिकारी को अपना टारगेट बनाया। साइबर ठगों ने सेवानिवृत्त अधिकारी को 11 दिन डिजिटल अरेस्ट कर 2 I27 करोड़ रुपये की ठगी कर ली।

**फर्जी ट्राई का अधिकारी बनकर ठगे पैसेः** मिली जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत्त कोयला कंपनी के



अधिकारी के निजी मोबाइल नंबर पर एक अनजान कॉल आया। फोन करने वाले ने अपना नाम अभिराज शुक्ला बताते हुए खुद को ट्राई का अधिकारी बताया। इसके बाद जनता को अवैध विज्ञापन और भ्रामक संदेश भेजने की शिकायत मिलने की बात कहकर सेवानिवृत्त अधिकारी को अपने चक्रव्यूह में फंसाया और अपने गिरोह के साथियों से वीडियो कॉल के जरिए मानसिक रूप से प्रताड़ित कर 10 दिसंबर से 20 दिसंबर के दौरान आठ बार में अलग-अलग बैंक खातों से 2. 27 करोड़ रुपये ट्रांसफर कराए।

अधिकारी ने बताया कि इस ठगी में उनकी सारी कमाई चली गई। जब उन्हें पता लगा कि उनके साथ साइबर फ्रॉड हुआ तो उन्होंने मामले की शिकायत सीआईडी के साइबर थाने और साइबर क्राइम कंट्रोल नंबर 1930 पर की है। साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर साइबर पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन करनी शुरू कर दी है।

# धुर्वा : एक साथ चार दुकानों में चोरी




मेट्रो रेज

**रांचीः** धुर्वा थाना क्षेत्र के सेक्टर 3 मार्केट के चार दुकान सुदर्शन मेडिकल हॉल, बसंत मेडिकल हॉल , एमके एंटरप्राइजेज और रवि राशन दुकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चारो दुकानों का ताला तोड़कर चोरो ने पैसे और समान चुरा लिये।


वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–उषा कुमारी, उम्र–29 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट पहनावा–साड़ी लाईट बुल्लु, लाल रंग का स्वेटर एवं मोफलर पीला–लाल रंग का पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला उषा कुमारी, उम्र–29 वर्ष, पि0–स्व0 भागीरथ बेदिया, ग्राम–टेटेबंदा टोला बालागोड़ा, थाना–सिल्ली, जिला– राँची जो दिनांक–03.12.2024 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में सिल्ली थाना सन्हा संख्या–16 / 2024, दिनांक–17.12.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती / दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(mc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। –9431770066

थाना प्रभारी सिल्ली, राँची। –9431706153

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 344245 Police(24-25).D


# कोहरे का प्रकोपः खराब विजीबिलटी से एक उड़ान का मार्ग डायवर्ट, कई उड़ानों के परिचालन में देरी

संवाददाता

**रांचीः** राजधानी रांची में मंगलवार की सुबह घने कोहरे के परिणामस्वरूप दृश्यता कम होने के कारण एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया जबकि तीन अन्य उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी के मुताबिक, रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के आस-पास सुबह 9 I30 बजे तक दृश्यता का स्तर एक हजार मीटर से कम था। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के निदेशक आर आर मौर्य ने कहा, ह्यह्यखराब दृश्यता के कारण एक उड़ान का मार्ग



परिवर्तित कर दिया गया जबकि अन्य उड़ानें सुबह 9.30 बजे तक आसमान में ही चक्कर लगाती रहीं। दृश्यता एक हजार मीटर से कम थी।'' हवाई अड्डे पर प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे तक पांच उड़ानों का आगमन और प्रस्थान होता है।

निदेशक आर आर मौर्य ने कहा, केवल कोलकाता-रांची उड़ान ही पहुंची, जबकि तीन अन्य उड़ानें ऊपर आकाश में ही चक्कर लगाती रहीं।'' रांची के मौसम विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को सुबह कोहरा और बाद में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। एक अधिकारी ने बताया कि विमान के उतरने के लिए न्यूनतम दृश्यता 1,200 मीटर होनी चाहिए।




## कंपनी को ब्लैक लिस्ट किये जाने मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांचीः** डोमचांच के एक जल मीनार मामले में मिश्रास एकेजी कंस्ट्रक्शन एवं डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को ब्लैक लिस्ट किए जाने को चुनौती देने वाले याचिका की सुनाएं झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा विभाग से कंस्ट्रक्शन लेने के लिए समय मांगे जाने पर राज्य सरकार पर 10,000 का जर्माना लगाया है । जुर्माने की राशि दो सप्ताह में हाई कोर्ट लीगल सर्विस कमेटी के पास जमा करने का निर्देश दिया है। खंडपीट ने मामले में प्रतिवादी राज्य सरकार एवं दो को नोटिस जारी किया है।


उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(समाज कल्याण शाखा)

(जिला बाल संरक्षण इकाई)

Email Id –dcpsramgarh@gmail.com

–: आवश्यक सूचना :–

बाल कल्याण समिति, रामगढ़ के पत्रांक 16 / बा0क0स0, रामगढ़ दिनांक 11.01.2025 के पत्र के आलोक में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक गुमशुदा बालक, उम्र – 15 वर्ष (लगभग), पिता – अज्ञात, माता – अज्ञात, पता – अज्ञात, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है, दिनांक 10.09.2024 को चाइल्ड हेल्प लाइन, रामगढ़ द्वारा बाल कल्याण समिति, रामगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जो वर्त्तमान में बाल कल्याण समिति के आदेश से वात्सल्यधाम बालगृह, रामगढ़ में आश्रय प्राप्त कर रहा है। बालक की पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार से है :–



| | | |
|---|---|---|
| नाम | – | अज्ञात, |
| उम्र | – | 15 वर्ष लगभग |
| पिता | – | अज्ञात, |
| माता | – | अज्ञात, |
| पता | – | अज्ञात |
| रंग | – | सावला। |
| ऊँचाई | – | 5 फिट |
| लिंग | – | पुरूष |
| वजन | – | 43 कि0ग्रा0 |

उक्त बालक के जैविक माता–पिता, अभिभावक, अगर इस बच्चें को पहचानते है या जानते है तो उचित प्रमाण पत्र के साथ निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते है।

सम्पर्क करने हेतु पता –

1. बाल कल्याण समिति, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डु, रामगढ़, पिन – 825101 , दूरभाष संख्या – 9504331523।
2. जिला बाल संरक्षण इकाई,समाज कल्याण, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डु, रामगढ़, पिन – 825101 दूरभाष संख्या – 8340458591

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रामगढ़

PR 344136 Social Welfare,Women and Child Development(24-25).D


# आउटसोर्सिंग कर्मियों ने रिम्स निदेशक का कार्यालय घेरा, तीन घंटे कार्य बहिष्कार

### सन फैसिलिटी लिमिटेड से जुड़े करीब 450 कर्मचारियों को पांच माह से नहीं मिला है मानदेय



**रांचीः** रिम्स में सन फैसिलिटी लिमिटेड से जुड़े करीब 450 दैनिक कर्मियों को पांच महीने से मानदेय नहीं मिला है। घर खर्च और बच्चों की स्कूल फीस जमा नहीं कर पाने से परेशान इन कर्मियों ने सोमवार को रिम्स निदेशक कार्यालय का घेराव किया। कर्मी अपने-अपने कार्यस्थल को छोड़कर घेराव में शामिल हुए। इस कारण सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक (तीन घंटे तक) काम प्रभावित रहा। खून की जांच, पंजीयन, नर्सिंग और ऑफिस का कार्य प्रभावित हुआ। कर्मियों का कहना था कि एजेंसी से शिकायत करने पर जवाब मिलता है कि रिम्स द्वारा पैसा का भुगतान नहीं किया गया है। एक महिला कर्मी ने कहा कि एक तो वेतन बहुत कम है और दूसरा समय पर पैसा नहीं मिलता है। किराना दुकानदार अब राशन नहीं दे रहा है, जिससे परेशानी बढ़ गयी है। एक कर्मचारी ने कहा कि प्रबंधन से शिकायत नहीं है, लेकिन सिस्टम को सुधारने की पहल करनी होगी। यहां बता दें कि एजेंसी द्वारा फोर्थ ग्रेड के कर्मियों को 7,002 रुपये और थर्ड ग्रेड के कर्मियों को 9,500 रुपये मानदेय के रूप में दिया जाता है।

**निदेशक की दलील, देर से शुरू हुई, 10 दिन में मिलेगी रिपोर्टः** इस संबंध में रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार ने कहा कि शनिवार को बिल से संबंधित फाइल आयी थी, जिसका त्वरित निबटारा का आदेश दिया गया है। वहीं, देरी की वजह की जांच का भी निर्देश दिया गया है। 10 दिनों में जांच रिपोर्ट समर्पित करने को कहा गया है। एजेंसी द्वारा तीन महीना का बिल एक साथ जमाकर भेजा जाता है। निदेशक ने कहा कि मैनपावर की नये सिरे से बहाली होनी है, इसलिए ठेकेदार दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। फाइल निबटारा में देरी करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।


वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–मंजू देवी उम्र–20 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–4 फीट 3 ईंच पहनावा–लाल रंग का साड़ी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला मंजू देवी उम्र–20 वर्ष, पति–चैतन्य बेदिया, सा0–जराडीह टोला, हजारी टॉड, थाना–अनगड़ा, जिला–राँची जो दिनांक–09.11.2024 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में अनगड़ा थाना सन्हा संख्या–11 / 2024, दिनांक–21.12.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती / दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID (mc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। – 9431770066

थाना प्रभारी अनगड़ा, राँची। – 9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 344248 Police (24-25)_D


## यौन शोषण के आरोपी को जेल

**चान्होः** पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग का यौन शोषण करने के आरोपी शाहिद अंसारी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। वह मेलानी गांव का रहनेवाला है। पुलिस के अनुसार उसके विरुद्ध थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीया ने करीब एक महीने पूर्व चान्हो थाना में शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाकर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।


कार्यालय : जिला परिषद, रामगढ़

-: आम सूचना :-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चितरपुर माघ मेला का वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए दिनांक–27.01.2025 से दिनांक–05.02.2025 तक डाक द्वारा बंदोबस्ती किया जाना है। चितरपुर माघ मेला की बंदोबस्ती हेतु दिनांक–18.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, रामगढ़ के सभागार में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत बंदोबस्ती चयन समिति द्वारा खुली डाक के माध्यम से की जायेगी।

डाक में भाग लेने हेतु इच्छूक आवेदको को आवश्यक सुरक्षित जमा राशि का 10 (दस) प्रतिशत ड्राफ्ट मूल रूप में एवं सभी वांछित कागजात सहित आवेदन सीलबंद लिफाफे में दिनांक– 18.01.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त अवधि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोट :–बंदोबस्ती से संबंधित नियम व शर्तें जिला परिषद, रामगढ़ के सूचना पट्ट एवं जिला के वेबसाईट : www.ramgarh.nic.in में देखी जा सकती है।

ह0/– उप विकास आयुक्त –सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, रामगढ़।

PR.NO.344226 District(24-25):D

# 26 जनवरी को नवचयनित आंगनबाड़ी सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएगें : उपायुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** राजमहल के सांसद व डीआईएस एच ए जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति के अध्यक्ष विजय कुमार हांसदा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में चल रही विकास योजनाओं का मूल्यांकन और उनके क्रियान्वयन की निगरानी करना।इस दौरान विधायक राजमहल ताजुद्दीन, माननीय बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका किस्कु, जिला दंडाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधियों, और डीआईएसएचए समिति के सदस्यों ने भाग लिया। समग्र विकास की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। समिति का गठन यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी और प्रभावी तरीके से हो। इसके साथ ही यह समिति जिले की जनता को योजनाओं का लाभ पहुंचाने और प्रशासनिक अक्षमताओं को दूर करने का मंच प्रदान करती है। मुख्य फोकस केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं जिला में विकासशील कार्यों को को बढ़ावा देना है।बैठक की शुरूआत करते हुए सांसद श्री विजय कुमार हांसदा ने विकास कार्यों में पारदर्शिता और समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ₹हमारे जिले के हर नागरिक को योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिलना चाहिए। यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है।कि विकास कार्यों में देरी या लापरवाही न हो।उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वह जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें और यह सुनिश्चित करें कि विकास कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूरे हों।

विभिन्न विभागों की समीक्षा

विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट्स पर गहन चर्चा हुई। निम्नलिखित योजनाओं की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग स्वच्छ भारत मिशन आदि योजनाओं की समीक्षा की।राजमहल विधायक ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए राजमहल में अनुमंडल स्वास्थ्य केंद्र में खराब पड़े अल्ट्रासाउंड मशीन के विषय में बताया । जिस पर उपायुक्त महोदय ने सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए अगले 17 जनवरी से पूर्व जिले के सभी स्वास्थ्य संबंधित इक्विपमेंट्स को ठीक करने हेतु निविदा करने को कहा।वही विधायक प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि श्रीकुंड स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया गया है जो कार्यपालक अभियंता द्वारा स्वास्थ्य विभाग को हैंडोवर नहीं किया गया है। जिस पर निर्देशित करते हुए कार्यपालक अभियंता को अगले दो दिनों में हैंडोवर करने को कहा



गया जिससे श्रीकुंड में सुचारू रूप से स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो सके।वहीं जिला परिषद अध्यक्षा माननीय मोनिका किस्कू द्वारा बताया गया कि बरहेट प्रखंड अंतर्गत छुछी पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र जर्जर की स्थिति में है। अच्छे से स्वास्थ्य केंद्र किसी अन्य गैर सरकारी भवन में कार्यरत है जिसका बकाया भुगतान अभी तक नहीं किया गया है उपायुक्त ने जल्द भुगतान करने को लेकर निर्देशित किए। सांसद द्वारा बताया गया। कि जिले के ड्रग्स इंस्पेक्टर की बहुत सारी शिकायतें आ रही हैं जो अपने कार्य अधिकारों से बाहर जाकर कार्य कर रहे है । माननीय संसद में कड़ी हिदायत देते हुए ड्रग इंस्पेक्टर को अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया । चिंता जताई गई की कोटलपोखर , राजमहल में आए दिन गोलीबारी एवं मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं जिस पर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करते हुए विधि व्यवस्थाओं को और सक्रिय करने हेतु कहा गया।बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए माननीय द्वारा ग्रामीणों के द्वारा काफी शिकायतों को बैठक में प्रदर्शित किया गया जिनमें उन्होंने बताया कि बिजली बिल अधिकतम आने की समस्याएं आ रही हैं एवं ग्रामीणों के बीच पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं पहुंच रही है एवं बिजली कनेक्शन को लेकर बातें कहीं गई।उपायुक्त ने बिजली विभाग को निर्देशित करते हुए सभी प्रखंडों में पंचायत में कैंप लगाकर बिजली कनेक्शन फॉर्म भरे जाएंगे एवं अधिकतम बिजली बिल आने की जांच कर निराकरण करने हेतु कहा गया।राजमहल में होने वाली राजकीय माघी मेला व रामनवमी पर्व को लेकर को लेकर सभी बिजली के तारों को कवर करने हेतु कहा गया।समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान माननीय विधायक बोरियों ने घोषणा की कि बोरियों के राजस्व क्षेत्र में गर्ल्स हॉस्टल और बॉयज हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा। तथा बोरियो प्रखंड अंतर्गत हॉस्टल का मरम्मती कार्य किया जाएगा। इस कदम से क्षेत्र में शिक्षा की सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा और छात्र-छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह परियोजना छात्रों की शैक्षणिक उन्नति और सामाजिक कल्याण को ध्यान में रखते हुए लागू की जाएगी।समीक्षा बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि आंगनबाड़ी सेविका का चयन वर्ष 2024 में किया गया था, लेकिन अभी तक उनके नियुक्ति पत्र का वितरण नहीं किया गया है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने निर्देश जारी किया है कि 26 जनवरी, 2025 को चयनित आंगनबाड़ी सेविकाओं को उनके नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएं। राजमहल उधवा क्षेत्र में मिट्टी कटाव एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। जो क्षेत्र के पर्यावरण, कृषि, और बुनियादी ढांचे को प्रभावित कर रही है। विशेष रूप से कन्हैया स्थान के पास मिट्टी कटाव को रोकना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह क्षेत्र धार्मिक, सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उपायुक्त निर्देशित करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को त्वरित जांच कर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। पूर्व में मदनशाही से छोटी नावें चलती थीं, जो क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार का एक प्रमुख साधन थीं। इन नावों का संचालन स्थानीय व्यापार, पर्यटन, और परिवहन के लिए उपयोगी था। लेकिन वर्तमान में नावों का संचालन बंद हो गया है। जिससे क्षेत्र के लोग रोजगार के अवसरों से वंचित हो गए हैं। इस समस्या के कारण लोग अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं।आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि ऐसे विकलांग व्यक्तियों, जिनके पास राशन कार्ड नहीं है। राशन कार्ड बनाने में किसी कारणवश बाधा है।उन्हें अपवाद की श्रेणी में रखते हुए राशन उपलब्ध कराया जाएगा। यह कदम विकलांग व्यक्तियों की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि कोई भी व्यक्ति भोजन और अन्य जरूरी सुविधाओं से वंचित न रहे।सांसद ने बैठक के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों और पदाधिकारियों का धन्यवाद देते हुए कहा यह हमारी जिम्मेदारी है। कि हम जिले के विकास कार्यों में अपनी पूरी क्षमता और ईमानदारी से योगदान दें। मुझे विश्वास है कि हमारी संयुक्त कोशिशें जिले को विकास के एक नए पायदान पर ले जाएंगी।मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### मकर संक्रांति पर लोगों ने लगाई गंगा में डुबकी

**साहिबगंज:** झारखंड राज्य में एक मात्र माँ गंगा साहिबगंज से राजमहल तक बहती है।जिसमें जिला सहित आसपास क्षेत्रों से आए मकर संक्रांति का त्यौहार सनातन धर्म मे काफी महत्व रखता है।यह पर्व पुरे भारत देश में बडे ही धूमधाम से मानते आ रहे हैं।इस संबंध मे पंडित मुकेश मिश्रा ने बताया की 14 जनवरी के दिन मंगलवार को सूर्य देव धनु राशि से निकल कर मकर संक्रांति राशि मे प्रवेश करते हैं।सूर्य का मकर राशि में प्रवेश करते हैं।वही खरमास समाप्त हो जाता है।और मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं।मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदियों मे स्नान और दान पुण्य के कार्यो को श्रेष्ठ मना जाता है।मकर संक्रांति के दिन से ही नए साल का पहला त्योहार होता है।इसलिए इसे धूमधाम से मनाया जाता है।इस दिन कई जगहों पर पतंग भी उडाई जाती है।इस दिन सूर्य उत्तरायणी होता है।जिसका अर्थ है की सुर्य उत्तर दिशा की तरफ बढता है।इस दिन को बडे ही शुभ मना जाता है।जबकि गंगा स्नान व्रत कथा दान और भगवान सूर्य देव की उपासना करने का विशेष महत्व माना हैजो लोग इस दिन दान करते है।तो ये दिन अक्षय फलदाई होता है

### जिला अधिवेशन की सफलता के लिए प्रत्येक प्रखंड वार बैठक

**साहिबगंज :** झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आगामी 9 फरवरी 2025 को जिला मुख्यालय में जिला अधिवेशन की सफलता के लिए प्रत्येक प्रखंड वार बैठक की गई है।इस बैठक में सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय कमेटी का चुनाव होना है संगठन चुनाव तीन वर्ष में एक बार होता है।तालझरी 18 जनवरी,उधवा 17 जनवरी,बोरियो 20 जनवरी साहेबगंज 23 जनवरी बरहरवा 18 जनवरी,बरहेट 25,मंडरो 19 पतना 28,राजमहल 29 जनवरी किया गया।केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने जिला अध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित समय पर बैठक करने का निर्देश दिया गया।

### क्विज, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**साहिबगंज :** सड़क सुरक्षा माह 2025 के उपलक्ष में आज साहिबगंज जिले के सभी प्रमुख विद्यालयों में सड़क सुरक्षा स्कूल जागरूकता अभियान के तहत क्विज चित्रकला निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का आयोजन किया गया है।साहिबगंज जिले के प्रमुख विद्यालय कॉलेज में सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जवाहर नवोदय विद्यालय, साहिबगंज में सड़क सुरक्षा स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी श्री मिथिलेश कुमार चौधरी के द्वारा सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर जानकारी दी गई साथ ही सड़क सुरक्षा का सपथ दिलाया गया।

सभी बच्चों को यह हिदायत दी गई की सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करें स्कूल आते समय आपके परिजनों को हेलमेट सीट बेल्ट लगाने को निश्चित तौर से कहे, अपने परिजनों को नशे की हालत में वाहन ना चलाने को कहे। साथी स्कूल बस अथवा टोटो ऑटो में विद्यालय आते समय अपने हाथ पांव या सर को वाहन के बाहर ना करें सुरक्षा नियमों का पालन करें एक आदर्श जागरुक एवं नेक विद्यार्थी बनकर देश का भविष्य बने।साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता, क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, जेएनभी प्राचार्य राज कपूर, सड़क सुरक्षा योद्धा समाज सेवी ओम प्रकाश पंडित उर्फ प्रजापति बाबा रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर,आईटी सहायक राजहंस व विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

### पानी पीने के लिए भटकने को मजबूर

साहिबगंज/बरहेटः-प्रखंड क्षेत्र के खैरवा पंचायत के वार्ड नम्बर 12 के ग्रामीण पानी के लिए दर दर भटकने के लिए मजबूर है।इस संदर्भ मे पंचायत के मरिया टोला निवासी जितुल मरिया,किस्टो मरिया,वालको मरिया ने बताया की मेरे पंचायत के मुखिया जेठा मुर्मू को कई बार ग्रामीणों के द्वारा पानी की व्यवस्था करने को कहा लेकिन अपने क्षेत्र मे एक कुआं की व्यवस्था किया।परन्तु आज तक मरिया टोला मे पानी की व्यवस्था नही किया है।ग्रामीणों को लगभग एक किलो मीटर दूर से पानी लाना पडता है।अगर कुआं नही तो एक चापा नल भी लगा देते तो पानी की व्यवस्था का निदान हो जाता।हालांकि ग्रामीणों ने कहा कि बरेहट विधानसभा से लगातार तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपना प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।फिर भी यही हाल है।आखिर जाए तो जाए कहाँ यह बात सोचने वाली है।हम गरीब ग्रामीणो को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।हम ग्रामीणों को की ओर ना ही प्रखंड विकास पदाधिकारी या जिला पदाधिकारी का घ्यान नही है। आखिर क्यों?

### देवघर की कामकाजी महिलाओं को नहीं मिल पा रहा बेहतर बाजार, सरकार से सहायता की मांग

देवघरः झारखंड सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास करते दिख रही है. हाल ही में मंईयां सम्मान योजना की राशि वितरण के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं को समाज के विकास का वाहक बताया. झारखंड की महिलाएं भी अपने हुनर और काबिलियत से समाज और राज्य को मजबूत कर रही हैं. ऐसी ही महिलाओं में शुमार हैं, देवघर की अंजू सिन्हा और झरना दास.

अंजू सिन्हा और झरना दास देवघर में महिलाओं का समूह बनाकर अच्छे-अच्छे कपड़ों पर डिजाइन बनाने का काम कर रही है. अंजू सिन्हा अपने साथ-साथ देवघर की कई महिलाओं को रोजगार भी देने का काम रही है. अंजू सिन्हा बताती हैं कि झारखंड की महिलाओं में काफी हुनर है. सिर्फ उन्हें समाज के सामने आने की आवश्यकता है. आज भी झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली हुनरमंद महिलाएं लाज लज्जा की वजह से अपने घरों से बाहर नहीं निकलती हैं.

वहीं, देवघर के तिवारी चौक की रहने वाली झरना दास बताती हैं कि वे अपने घर पर ही महिलाओं का समूह बनाकर खिलौना बनाने का काम करती हैं. वे अपने साथ-साथ पच्चीस से तीस महिलाओं को रोजगार भी देती हैं. महिलाओं के हुनर को देखते हुए अंजू सिन्हा और झरना दास का कहना है कि यदि सरकारी स्तर पर उन्हें आर्थिक रूप से मदद किया जाए तो वे लोग और भी बेहतर कर सकती हैं. ये सभी महिलाएं देवघर में आयोजित होने वाले बड़े कार्यक्रम में अपना स्टॉल लगाकर प्रोडक्ट को बेचने का काम करती हैं.

महिलाओं ने कहा कि यदि सरकार की तरफ से देवघर जैसे शहरों में बड़े बाजार उपलब्ध कराया जाए तो इससे भी कामकाजी महिलाओं को राहत होगी और वे अपने प्रोडक्ट को आसानी से बाजार में बेच पाएंगी. गौरतलब है कि झारखंड के छोटे जिलों की महिलाओं को आज भी विकसित करने के लिए आर्थिक एवं मानसिक रूप से मजबूत करने की जरूरत है.

## हमारे कार्यों पर भारत का भविष्य निर्भर है : डॉ अरविंद



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के वंदना कक्ष में स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर विवेकानंद के दृष्टि में भारत का भविष्य पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी का आरंभ विद्यालय के संरक्षक डॉ अरविंद प्रसाद सिंह साहिबगंज महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग के पूर्व प्राध्यापक प्रोफेसर वकील पोद्दार प्रधानाचार्य रामदेव राम,जिला मीडिया संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व विद्यालय के स्वावलंबी पूर्व छात्र भैया आदर्श ओझा,नगर शारीरिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व पूर्व छात्र भैया ऋषभ पचलंगिया ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन पुष्प अर्पित किया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए डॉ अरविंद प्रसाद सिंह ने बताया की हमारे कार्यों पर भारत का भविष्य निर्भर है। अतःयदि भारत को महान बनाना है।उसका भविष्य उज्जवल करना है।तो इसके लिए आवश्यकता है संगठन की,शक्ति संग्रह की और बिखरी हुई इच्छा शक्ति को एकत्र कर उसमें समन्वय लाने की।प्रोफेसर वकील पोद्दार ने बताया की स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को संदेश दिया था। कि वह अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें।उन्होंने युवाओं को कहा था कि वह अपने देश के लिए कुछ अच्छा करें और मानवता की सेवा करें। आचार्य श्यामा प्रसाद ने बताया की स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था।उनके भाषण से अमेरिका और यूरोप में भारतीय वेदांत दर्शन के प्रति दिलचस्पी जगने लगी थी।भैया आदर्श ओझा ने बताया की स्वामी जी ने भविष्य वाणी करते हुए कहा था।भारत का पुनरुत्थान होगा पर वह जड़ की शक्ति से नहीं वरन आत्मा की शक्ति के द्वारा।भैया ऋषभ पंचलगिया ने बताया कि स्वामी जी ने युवाओं को आत्मविश्वास से भर दिया और उन्हें बताया कि वह कुछ भी कर सकते हैं। अगर वह दृढ़निश्चयी हैं।जयंती समारोह का अतिथि परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदेव राम ने किया।जयंती समारोह का संचालन सुश्री स्नेहा भारद्वाज दीदी जी और धन्यवाद ज्ञापन आचार्य अमित कुमार ने किया।शांति मंत्र का पाठ आचार्य राघव वत्स ने किया।जयंती समारोह में विद्यालय के आचार्य अजय कुमार साह,अजीत कुमार मालवीय, सुनील कुमार पंडित, किरण कुमारी गुप्ता,लिपिकाराज सिंह, अर्चना वर्मा, टीनू पांडे, सारिका कुमारी,सोनी कुमारी,दीपशिखा,पूर्व छात्र भैयाशिवनंदन पांडे,हिमांशु कुमार,अर्णव कुमार,बहन नंदनी,बहन नौशीन प्रवीण,बहन खुशबू व कर्मचारी बृंद उपस्थित थे।

## रामपुर पैक्स पर उपायुक्त ने जताई नाराजगी, मांगा स्पष्टीकरण

**गढ़वाः** जिले में धान खरीद में हो रही अनियमितता को देखते हुए केंद्रों के सत्यापन करने को लेकर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर के आदेश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला प्रबंधक रामगोपाल पांडेय और जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी रामपुर पैक्स पहुंचे. इस दौरान उन्होंने धान खरीद की अद्यतन स्थिति, राइस मिलों को भेजे गये धान की मात्रा, किसानों को भुगतान आदि बिंदुओं का सत्यापन किया.

पदाधिकारियों द्वारा रामपुर पैक्स का स्थलीय निरीक्षण कर वहां रखे धान का भौतिक सत्यापन किया गया. सत्यापन के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा 5375 क्विंटल धान की खरीदारी की गई, जबकि उनके भंडारण की क्षमता 1000 क्विंटल है. इनके द्वारा 5375 क्विंटल में से 426.47 क्विंटल धान मिलर को भेज दिया गया है, शेष बचे 4948.53 क्विंटल धान में से करीब 2698.53 क्विंटल धान तीनों गोदाम में उपलब्ध पाया गया. जबकि निरीक्षण के दौरान करीब 2250 क्विंटल धान नहीं पाया गया और न ही इस संबंध में पूछने पर तत्काल कोई स्पष्ट जानकारी ही दी गई.

इस मामले के संज्ञान में आते ही उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए रामपुर पैक्स से स्पष्टीकरण की मांग की है. स्पष्टीकरण का संतोषजनक जवाब नहीं पाये जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया है. उपायुक्त ने जिले के सभी पैक्स संचालकों को धान की खरीद में विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने का निर्देश दिया है.

उन्होंने कहा कि धान की खरीद में विभागीय आदेश की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी. भौतिक सत्यापन के क्रम में किसानों से धान की खरीद के एवज में उनके भुगतान के बाबत भी जानकारी ली. पैक्स अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि किसानों का भुगतान ऑनलाइन प्रक्रिया से किया जा रहा है.

विदित हो कि गढ़वा जिले में खरीफ विपणन मौसम 2024-2025 के लिए 52 पैक्सों के माध्यम से धान की अधिप्राप्ति की जा रही है.

## हजारीबाग चावल अनुसंधान केंद्र किसानों के लिए फायदेमंद

**हजारीबागः** जिला में स्थित चावल अनुसंधान केंद्र ने पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है. केंद्रीय वर्षाश्रित उपराऊं भूमि चावल अनुसंधान केंद्र ने 15 से अधिक धान की नई प्रजाति किसानों को उपलब्ध कराए हैं. इसका परिणाम यह मिला कि किसान कम पैसे और संसाधन में धान की अधिक से अधिक पैदावार कर पा रहे हैं.

इन दिनों धान की बंपर खेती के बारे में हर ओर चर्चा हो रही है. किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं की है कि आखिर किसान धान की बंपर खेती कैसे कर पाते हैं. इसके पीछे कृषि वैज्ञानिकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है. केंद्रीय उपराऊं भूमि वर्षाश्रित चावल अनुसंधान केंद्र डेमोटांड़, जो राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान कटक (ओडिशा) की ईकाई है, इसने देश को 15 से अधिक धान की नई प्रजाति दी है. जिसका उपयोग कर किसान बंपर खेती कर पाते हैं. यह अनुसंधान केंद्र किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है. नई प्रजाति के साथ-साथ धान में होने वाले बीमारी से बचाव के लिए भी इस संस्था काम करती है.

सबसे पहली प्रजाति वंदना थी जो 90 से 95 दिनों में ऊपज देती है. मध्यम भूमि के लिए यहां की विकसित प्रमुख प्रजाति में सहभागी धान और सूखा आधारित प्रजाति आईआर 64 सूखा प्रमुख है. पिछले दो सालों में उफ़320, उफ़804 नये प्रजाति का धान विकसित किया गया. जिसका उपज भी बेहतर हो रहा है. महिला किसान बताती हैं कि इस संस्था से जुड़कर बहुत फायदा हो रहा है. पहले से डेढ़ गुना से अधिक धान की खेती हो रही है. जिससे बेहतर मुनाफा भी हो है. महिला किसान कहती है कि चावल अनुसंधान केंद्र से लिया गया बीज से बेहतर उपज हुआ है. इस केंद्र की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य उपराऊं भूमि में चावल की उत्पादकता बढ़ाना, स्थानीय प्रजाति को ऊपरी जमीन के लिए विकसित करना तथा धान आधारित फसल चक्र को बढ़ावा देना था. वर्तमान में उपराऊं भूमि चावल अनुसंधान केंद्र में सूखा रोधी किस्म के विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है.

## दुमका में हादसाः गर्म पानी के टब में डूबने से बच्ची की मौत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमकाः** जिला में दो अलग-अलग दुर्घटना में झुलसने से दो की मौत हो गई है. पहली घटना में गर्म पानी के टब में डूबने ढाई साल की एक बच्ची की मौत हो गई. दूसरी ओर एक वृद्ध महिला अलाव तापने के क्रम में आग की चपेट में आ गई और इलाज के क्रम में उन्होंने दम तोड़ दिया.

सोहराय पर्व पर जिला के काठीकुंड प्रखंड में नाना के घर आई ढाई साल तनिशाला मुर्मू रविवार को गर्म पानी से भरे टब में गिर गई थी. जिसमें वह बुरी तरह से झुलस गई. उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आज सोमवार को इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई. परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया. काठीकुंड थाना क्षेत्र के डोमनपुर गांव की रहने वाली यह मासूम अपनी मां के साथ इसी थाना क्षेत्र के बड़तल्ला में रहने वाले नाना के घर सोहराय मनाने के लिए आई थी. रविवार की दोपहर मां ने कपड़ा धोने के लिए पानी गर्म किया. पानी को एक टब में भरकर कपड़ा लेने के लिए अंदर चली गई. इस बीच आंगन में खेल रही बच्ची गर्म पानी से भरे टब में गिर गई, उसके चिल्लाने पर मां आई तो बेटी को पानी में तड़पता देख, किसी तरह से बाहर निकाला. बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. वो बुरी तरह से झुलस गयी थी.




अस्पताल पहुंची पुलिस

बच्ची की मौत की सूचना मिलने के बाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की. मां ने पुलिस को बताया कि उसके पति काम के सिलसिले में बाहर हैं, उसकी गलती की वजह से हादसा हुआ है, इसमें किसी का दोष नहीं है, इसलिए पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहती हैं. पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को ले जाने की अनुमति दी. काठीकुंड थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार ने बताया कि बच्ची के इस तरह गर्म पानी में झुलसने की सूचना हमें नहीं मिली, परिजन सीधे अस्पताल ले गए होंगे, अस्पताल में नगर थाना की पुलिस पहुंच जो कार्रवाई की उसे यहां भेज दिया जाएगा.

दूसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सब्बलपुर गांव में रविवार की शाम ठंप से बचने के लिए एक महिला अलाव तापने के क्रम में झुलस गयी. 64 साल की वृद्धा चांदमुनि टुडू की मौत इलाज के क्रम में हो गई. घरवालों के आग्रह पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया.

कैसे हुई घटना

दरअसल, ठंड से बचाव के लिए घरवालों ने अलाव जलाया था. अंधेरा होने के बाद परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर चले गए और वृद्धा आग तापती रही. इसी क्रम में किसी तरह से उनकी साड़ी में आग लग गई, उसके शोर मचाने पर घरवालों ने दौड़कर आग बुझाई. इसके बाद बुरी तरह से झुलसी महिला को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई.



## राम कपूर ने राखी सावंत को बताया 'सेल्फ-मेड', कहा- इंडस्ट्री ने उनका 'दुरुपयोग' करने की कोशिश की

**अभिनेता** राम कपूर जिन्होंने लोकप्रिय रियलिटी टीवी सीरीज राखी का स्वयंवर की मेजबानी की थी, उनका मानना ??है कि अभिनेता-नर्तक राखी सावंत एक स्व-निर्मित स्टार हैं, जिन्होंने मनोरंजन उद्योग में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना किया है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि फिल्म उद्योग ने उनका दुरुपयोग करने का प्रयास किया।

यू-ट्यूबर सिद्धार्थ कन्नन से बात करते हुए, राम ने कहा, आज, पूरा देश राखी सावंत का नाम जानता है। उन्होंने कहा, वह मुंबई में एक 3बीएचके समुद्र-सामने वाले अपार्टमेंट में रहती हैं, जहाँ मैं गया हूँ, और वह खुद की मालिक हैं। सम्मान! उन्होंने यह खुद हासिल किया है। बड़े अच्छे लगते हैं के अभिनेता ने कहा कि भले ही वह राखी के कार्यों या बयानों से सहमत न हों, लेकिन वह स्वतंत्र रूप से अपना जीवन बनाने के लिए उनका सम्मान करते हैं।

राम ने टिप्पणी की मैं उनके दर्शन, पागलपन से सहमत नहीं हो सकता...वही बातें बोलती हैं (वह बिलकुल बकवास बातें करती हैं), लेकिन वह जो भी करती हैं, सच्चाई यह है कि वह अपने दम पर अपनी ज़िंदगी बनाने में कामयाब रही हैं, और मैंने यह देखा है। आप इसका सम्मान कैसे नहीं कर सकते?

राम ने राखी का स्वयंवर होस्ट करने के दौरान राखी के जीवन के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, कोई एक अच्छी, सेक्सी डांसर है जिसका इंडस्ट्री ने दुरुपयोग करने की कोशिश की...उसके बहुत सारे गंदे अनुभव हैं...(एक अच्छी, सेक्सी डांसर, जिसका इंडस्ट्री ने दुरुपयोग करने की कोशिश की...उसके बहुत सारे बुरे अनुभव हैं।) कोई गॉडफादर नहीं, कुछ नहीं...मैंने यह सब राखी का स्वयंवर की वजह से देखा, इसलिए आप हर चीज से सीखते हैं।

इस बीच, राम कपूर खुद अपने उल्लेखनीय शारीरिक परिवर्तन के लिए चर्चा में हैं, उन्होंने 18 महीनों में 55 किलो वजन कम किया है। राखी सावंत ने अपने संगीत वीडियो, 'परदेसिया' और 'मोहब्बत है मिर्ची' से प्रसिद्धि पाई। उन्होंने फराह खान की फिल्म मैं हूं ना में भी अभिनय किया।

## कंगना रनौत ने सलमान खान को बताया अपना अच्छा दोस्त, कहा- जल्द ही हम दोनों साथ काम करेंगे






**कंगना रनौत** इन दिनों अपनी फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 17 जनवरी को पर्दे पर दस्तक देने जा रही है। इसी बीच, एक इंटरव्यू में कंगना ने बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने सलमान खान को अपना अच्छा दोस्त बताते हुए कहा कि दोनों को कई बार साथ काम करने का मौका मिला, लेकिन किसी कारणवश अब तक यह नहीं हो पाया। हालांकि, कंगना ने उम्मीद जताई कि भविष्य में वह सलमान के साथ काम जरूर करेंगी।

इंटरव्यू में कंगना ने कहा, सलमान मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे पास कई मौके आए हैं जब हम साथ काम कर सकते थे, लेकिन किसी न किसी कारणवश हम साथ नहीं काम कर पाए। मुझे पूरी उम्मीद है कि जल्दी ही हम दोनों साथ काम करेंगे।

कंगना ने यह भी बताया कि सलमान खान ने उन्हें बजरंगी भाईजान फिल्म में एक रोल ऑफर किया था। कंगना ने कहा, मैं हैरान होकर उनसे पूछा था कि यह क्या रोल दिया है? इसके अलावा, कंगना ने बताया कि सलमान ने उन्हें सुल्तान फिल्म के दौरान भी संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने वह भी ठुकरा दिया। कंगना ने मजाक करते हुए कहा, सलमान ने मुझसे कहा था, 'अब तुम्हें और क्या ऑफर करूं?'

कंगना ने यह भी कहा कि भले ही उन्होंने सलमान के कई ऑफर्स को नकारा किया, लेकिन सलमान हमेशा उनसे अच्छे से पेश आते हैं और उनसे संपर्क करते रहते हैं। इसके अलावा, कंगना ने बताया कि सलमान इमरजेंसी फिल्म देखने के लिए भी बहुत उत्साहित हैं। कंगना की फिल्म इमरजेंसी का रिलीज डेटः कंगना की फिल्म इमरजेंसी 1975 से 1977 के बीच के 21 महीने की अवधि पर आधारित है, जब भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल (इमरजेंसी) की घोषणा की थी। इस फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





# अक्षय कुमार की भूत बंगलो में तब्बू की धमाकेदार एंट्री

**बॉलीवुड** फिल्मकार प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही अक्षय कुमार स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला में तब्बू की एंट्री हो गयी है। निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेता अक्षय कुमार की जोड़ी 14 साल बाद भूत बंगला के लिए फिर से साथ आ रही है। इस फिल्म में तब्बू की एंट्री हो गयी है।तब्बू ने इंस्टाग्राम पर घोषणा करते हुए एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर शेयर की, जिस पर लिखा था भूत बांग्ला। तब्बू ने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हम यहां बंद हैं। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म हेरा फेरी में अक्षय और तब्बू साथ काम कर चुके हैं।

इस फिल्म का निर्देशन भी प्रियदर्शन ने ही किया था। फिल्म भूत बांग्ला में अक्षय कुमार और तब्बू के अलावा परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और असरानी जैसे कई बेहतरीन कलाकार नजर आ सकते हैं। फिल्म भूत बंगला को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस, केप ऑफ गुड फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म के को-प्रोड्यूसर फारा शेख और वेदांत बाली हैं। कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है, और स्क्रीनप्ले रोहन शंकर, अबिलाष नायर और प्रियदर्शन ने मिलकर तैयार किया है। डायलॉग्स रोहन शंकर ने लिखे हैं। भूत बंगला 02 अप्रैल 2026 में रिलीज होगी।

# आईपीएल 2025 : खिलाड़ियों को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का



**नई दिल्लीः** आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन के बाद अब फैंस को लीग मैचों का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, विमेंस प्रीमियर लीग का आोजन चार अलग-अलग शहरों में किया जाएगा। वहीं आईपीएल की शुरूआत से पहले मैदान पर खिलाड़ियों के अनुशासन से जुड़े कई नियम सख्त कर दिए गए हैं।

आईपीएल अपने नए सीजन में मैदान पर खिलाड़ियों के अनुशासन को लेकर काफी सख्त हो गई है। अब आईपीएल में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का पालन किया जाएगा। रविवार को हुई गर्वनिंग काउंसिल की बैठक में ये अहम फैसला लिया गया। इसके तहत लेवल 1,2 और 3 के उल्लंघन पर खिलाड़ियों को आईसीसी के नियमों के मुताबिक सजा दी जाएगी।

गर्वनिंग काउंसिल के एक सदस्य ने बताया कि, अब इस आईपीएल में आईसीसी के टी20 इंटरनेशनल प्लेइंग कंडीशंस का पालन होगा। पहले लीग के अपने नियम होते थे, लेकिन अब आईसीसी द्वारा निर्धारित कोड ऑफ कंडक्ट लागू किया जाएगा।

## अदा शर्मा करेंगी लाइव शिव तांडव स्तोत्रम् का पाठ, अमिताभ बच्चन समेत कई सितारे होंगे शामिल





**महाकुंभ** 2025 का शुभारंभ हो चुका है। हर 12 साल में होने वाला यह भव्य आयोजन इस बार प्रयागराज में आयोजित किया गया है। प्रशासन ने इस ऐतिहासिक आयोजन को खास और यादगार बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की हैं। संगम क्षेत्र को पूरी तरह से टेंट सिटी में बदल दिया गया है, जहां करोड़ों श्रद्धालु दिव्य स्नान के लिए जुटेंगे।

बॉलीवुड सितारों का योगदानः इस बार महाकुंभ में बॉलीवुड सितारे भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मशहूर अभिनेत्री अदा शर्मा पहली बार शिव तांडव स्तोत्र का लाइव पाठ करेंगी। इसके अलावा, अमिताभ बच्चन समेत कई बॉलीवुड कलाकारों को इस आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है।

संगीतमय कार्यक्रमों की झलकः महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

शंकर महादेवन की टीम ओपनिंग डे पर अपनी प्रस्तुति देगी। साधना सरगम 26 जनवरी को, शान 27 जनवरी को, और रंजनी व गायत्री 31 जनवरी को प्रस्तुति देंगे। कैलाश खेर 23 फरवरी को अपना शो करेंगे। मोहित चौहान 24 फरवरी को ग्रैंड फिनाले शो के साथ महाकुंभ के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन करेंगे। इसके अलावा, हंसराज हंस, हरिहरण, और कविता कृष्णमूर्ति जैसे दिग्गज कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों से महाकुंभ को सजाएंगे।

प्रमुख आयोजन स्थलः सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम गंगा पंडाल में आयोजित किए जाएंगे, ताकि हर श्रद्धालु इस दिव्य अनुभव का हिस्सा बन सके।

श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाबः इस बार अनुमान लगाया जा रहा है कि महाकुंभ में देश-विदेश से करीब 40 करोड़ श्रद्धालु दिव्य स्नान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए आएंगे।



## डायरेक्टर के कट बोलने के बाद भी किसिंग सीन करते रहे वरुण धवन, वायरल वीडियो पर यूजर्स ने किया ट्रोल

**बॉलीवुड** के टॉप एक्टर्स में से एक वरुण धवन अपनी शानदार एक्टिंग और रोमांटिक किरदारों के लिए जाने जाते हैं। साल 2014 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'मैं तेरा हीरो' ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। इस फिल्म में उन्होंने इलियाना डिक्रूज और नरगिस फाखरी के साथ काम किया था। अब इस फिल्म के सेट का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वरुण और नरगिस फाखरी एक इंटीमेट सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। कट बोले जाने के बाद भी जारी रखा सीनः वीडियो में निर्देशक के बार-बार 'कट... कट... कट!' कहने के बावजूद वरुण सीन करते रहे। वह पूरी तरह अपने किरदार में डूबे हुए नजर आए। इस पर नरगिस खिलखिला कर हंसने लगीं और क्रू मेंबर्स भी इस स्थिति को देखकर हंस पड़े। हालांकि, वरुण धवन इसके बाद थोड़े झेंपते हुए दिखाई दिए।

सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हुए वरुणः वीडियो वायरल होते ही सोशल मीडिया पर यूजर्स ने वरुण धवन को जमकर ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, 'ठरक, ठरकी, ठरकुल्ला', जबकि दूसरे ने कहा, 'ओवरएक्टिंग की दुकान प्लस बेशर्म।' कुछ लोगों ने तो यह भी कहा कि वरुण को बॉलीवुड से बैन कर देना चाहिए।

नरगिस फाखरी ने वरुण को बताया फेवरेट को-स्टारः हाल ही में नरगिस फाखरी ने एक इंटरव्यू में वरुण धवन को अपना फेवरेट को-स्टार बताया। उन्होंने कहा, वरुण के साथ काम करना बेहद मजेदार था। वह एनर्जी और पॉजिटिविटी से भरे हुए हैं और बहुत मजाकिया भी हैं। मरा उनके साथ सेट पर काम करना काफी अच्छा अनुभव था।'

**वरुण धवन का वर्कफ्रंटः** वर्कफ्रंट की बात करें तो वरुण धवन की हालिया फिल्म 'बेबी जॉन' को फैंस से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं कर पाई। वहीं, उनकी वेब सीरीज 'सिटाडेलः हनी बन्नी' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इसके अलावा वरुण अपनी आगामी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमार' में नजर आएंगे, जिसे लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप स्टेज के मैच नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह

### तेज गेंदबाज की पीठ में सूजन, मार्च के पहले हफ्ते तक फिट होने की उम्मीद






**नई दिल्लीः** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप स्टेज से बाहर हो सकते हैं। बुमराह की पीठ में सूजन है। इसके लिए उन्हें बंगलुरु में नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। यहां उनकी रिकवरी पर नजर रखी जाएगी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी। भारत अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। भारतीय सिलेक्टर्स ने मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम चुनने के लिए मीटिंग की। रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान उन्हें बुमराह की फिटनेस के बारे में जानकारी दी गई। बीसीसीआई के एक सूत्र के मुताबिक, बुमराह के मार्च के पहले हफ्ते तक ही पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। उससे पहले वे तीन हफ्ते तक एनसीए में रहेंगे। रिकवरी के बाद भी उन्हें एनसीए में एक या दो मैच खेलने होंगे, भले ही वे अभ्यास मैच ही क्यों न हों, जो उनकी मैच फिटनेस देखने के लिए खेले जाएंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफी तक भारतीय टीम के कप्तान बने रहेंगे रोहित शर्मा

**नई दिल्लीः** रोहित शर्मा 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी तक भारतीय टीम के कप्तान बने रहेंगे। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम की अचीवमेंट को देखते हुए उन्हें एक और मौका दिया गया है। भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन पर बीसीसीआई ने समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में बीसीसीआई पदाधिकारियों ने कप्तान रोहित शर्मा, हैड कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर से सवाल पूछे गए। साथ ही भारतीय टेस्ट व वनडे टीम के भविष्य के कप्तान को लेकर भी चर्चा हुई। इस पर रोहित ने शर्मा ने बीसीसीआई को अपना फैसला बताया। बैठक में रोहित शर्मा ने कहा कि वह अगले कुछ महीने तक कप्तान रहेंगे और तब तक बोर्ड भविष्य का कप्तान चुन सकता है। रोहित ने कहा कि बोर्ड जिसे भी कप्तान चुनेगा, उसे उनका पूरा समर्थन रहेगा।





इस दौरान जसप्रीत बुमराह के नाम पर चर्चा हुई तो एक सदस्य ने कहा कि वह उपयुक्त विकल्प हैं, लेकिन क्या वह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में कप्तानी कर पाएंगे?

आईपीएल के बाद मिलेगा नया कप्तानः रोहित चैंपियंस ट्रॉफी तक वनडे टीम के कप्तान रहेंगे। इसके बाद आईपीएल होना है। इस दौरान ही भविष्य के कप्तान पर कुछ निर्णय हो सकता है। बता दें कि रोहित शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद ही इस प्रारूप से संन्यास का ऐलान कर दिया था। इसके बाद सूर्यकुमार यादव को भारतीय टी-20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया।

खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन पर चर्चाः समीक्षा बैठक में भारतीय टीम की हार के साथ कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली के खराब प्रदर्शन पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही फिटनेस को लेकर और भी गंभीरता बरतने की बात हुई। बीसीसीआई पहले ही कह चुका है कि सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों को उपलब्धता के आधार पर घरेलू क्रिकेट में अपनी प्रदेश की टीम में भाग लेना होगा।

घरेलू क्रिकेट खेलना जरूरीः बैठक में तय हुआ है कि अगर राष्ट्रीय स्तर का कोई खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट तभी नहीं खेलेगा, जब तक फिजियो की रिपोर्ट के साथ भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर की उसे अनुमति होगी। अगर ये लोग कहते हैं कि वर्कलोड के कारण उस खिलाड़ी को नहीं खेलना है, तभी उसे छूट मिलेगी। फिलहाल जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में रोहित के खेलने की संभावना कम ही दिख रही है।

न्यूज ब्रीफ



## यूजीसी नेट की परीक्षा स्थगित, कल होने वाला था एग्जाम; जल्द होगा नई तारीख का ऐलान

**नई दिल्ली:** यूजीसी-नेट दिसंबर 2024 परीक्षा, जो 15 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाली थी, अब स्थगित कर दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वऋछ) ने इस परीक्षा के पोस्टपोन होने की घोषणा की है और इसके लिए नई तारीखों का ऐलान बाद में किया जाएगा। हालांकि, 16 जनवरी को होने वाली परीक्षा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।

15 जनवरी को होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा अब किसी नई तारीख पर आयोजित की जाएगी। हालांकि, इस नई तारीख के बारे में फिलहाल ठळअ ने कोई जानकारी नहीं दी है। उन्होंने केवल यह बताया है कि यूजीसी नेट परीक्षा की नई तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी, और इसकी घोषणा आधिकारिक वेबसाइट पर की जाएगी। इसके साथ ही, नई तारीख पर आधारित एडमिट कार्ड भी अलग से जारी किए जाएंगे।

एनटीए ने बताया है कि उसे कई सिफारिशें प्राप्त हुई थीं, जिनमें पोंगल, मकर संक्रांति और अन्य त्योहारों के मद्देनजर 15 जनवरी 2025 को होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा को स्थगित करने की अपील की गई थी। छात्रों के हित में निर्णय लेते हुए, एजेंसी ने 15 जनवरी 2025 को निर्धारित यूजीसी नेट दिसंबर 2024 परीक्षा को स्थगित करने का निर्णय लिया है। हालांकि, 16 जनवरी 2025 को होने वाली परीक्षा पहले की निर्धारित तिथि के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।

## राबड़ी आवास पर आज चूड़ा-दही का भोज कुछ खास नेताओं को ही मिला निमंत्रण



**पटनाः** मकर संक्रांति के मौके पर बिहार की सियासत में दही-चूड़ा पॉलिटिक्स की खूब चर्चा होती है। विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया जाता है । हालांकि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का दही-चूड़ा भोज हर साल खास होता है । इस बार भी राबड़ी आवास पर लालू प्रसाद की तरफ से दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया है, लेकिन इस भोज में खास नेताओं को ही बुलाया गया है । पहले की तरह इस बार लालू यादव ने अपने घर के दरवाजे हर किसी के लिए नहीं खोले हैं ।

**नीतीश कुमार से नहीं बनी गठबंधन की बातः** बिहार की राजनीति में मकर संक्रांति का खास महत्व रहा है । बिहार में इस दिन सियासी खिचड़ी खूब पकती रही है । आज के दिन राजनीतिक समीकरण बिगड़ते और बनते हैं । हालांकि इस बार के मकर संक्रांति में ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है, हालांकि कुछ दिनों पहले तक इसकी चर्चा जरूर थी लेकिन बात आई गई हो गई । लालू प्रसाद ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को साथ आने का खुला ऑफर दिया था, लेकिन नीतीश कुमार की ओर से उनका ऑफर ठुकराए जाने के बाद कयासों पर विराम लग गया था । दो दिनों से चल रही है भोज की तैयारीः इसी बीच, 14 जनवरी को राबड़ी आवास पर लालू प्रसाद की तरफ से पारंपरिक दही चूड़ा भोज का आयोजन किया गया है । दो दिन पहले से ही राबड़ी आवास में इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई थीं । जानकारी के मुताबिक, इस भोज में सिर्फ चुनिंदा नेताओं का ही बुलाया गया है । कुछ साल पहले तक पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ताओं के साथ साथ आम लोगों के लिए राबड़ी आवास में दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया जाता था, लेकिन पिछले साल की तरह इस साल भी चुनिंदा नेताओं को ही भोज दिया गया है।

## सेना ने गलती से जनता पर किया एयरस्ट्राइक, 16 की मौत



**नाइजीरियाः** जम्फारा राज्य में रविवार को सेना द्वारा गलती से की गई एयरस्ट्राइक में 16 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। सेना का यह हमला जुर्मी और मारादुन इलाकों में हुआ, जहां स्थानीय लोगों को डाकू गिरोह समझ लिया गया। इस त्रासदी ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। इस हादसे में घायल हुए लोगों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

**कैसे हुई गलती?:** सेना लंबे समय से जम्फारा राज्य में सक्रिय डाकू गिरोहों के खिलाफ अभियान चला रही है। ये गिरोह गाँवों में हमला करके लूटपाट, आगजनी और लोगों के अपहरण जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। शनिवार को भी डाकुओं ने डांगेबे गांव पर हमला कर जानवरों को लूट लिया था।

## राजौरी में दो बच्चों की हुई मौत से लोगों में दहशत

**जम्मूः** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बधाल गांव में एक रहस्यमयी बीमारी के कारण एक ही परिवार के 6 बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद सोमवार को 2 और बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोहम्मद असलम के 6 बच्चों को शनिवार शाम को मैडिकल जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि बच्चों को पहले राजौरी के सरकारी मैडिकल कॉलेज (जी.एम.सी.) से संबंधित अस्पताल ले जाने के लिए रैफर किया गया। बाद में उन्हें जम्मू के एस.एम.जी.एस. अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां 5 वर्षीय नबीना की रविवार को मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अस्पताल में इलाज के दौरान जहूर (14) और मारूफ (8) की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार कोटरंका उपसंभाग के तहत आने वाला यह गांव एक रहस्यमय बीमारी से जूझ रहा है, जिसने पिछले वर्ष दिसंबर में 2 अलग-अलग परिवारों के 9 लोगों की जान ले ली थी। अधिकारियों ने बताया कि इस बीमारी के चलते जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर अब 12 हो गई है। पिछले 2 दिनों में जान गंवाने वाले बच्चों के रिश्तेदार एजाज अहमद ने कहा कि यहां अस्पताल में 6 बच्चे भर्ती थे। कल एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि आज 2 और बच्चों की मौत हो गई। मौत के सही कारणों के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। स्वास्थ्य विभाग बीमारी की पहचान करने में विफल रहा है। जांच में सहायता के लिए पुणे के राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, पी.जी.आई. चंडीगढ़, एम्स दिल्ली और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एन.सी.डी.सी.), दिल्ली के विशेषज्ञों की टीम गांव का दौरा कर चुकी है।

मकर संक्रांति

# सीएम योगी ने बाबा गोरखनाथ को चढ़ाई खिचड़ी, राष्ट्र कल्याण के लिए की प्रार्थना



**गोरखपुरः** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्म मुहूर्त में गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार शिवावतार महायोगी गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने भगवान गोरखनाथ से लोकमंगल, सभी नागरिकों के सुखमय और समृद्ध जीवन तथा राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की। बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पावन पर्व और त्योहारों की श्रृंखला में जगतपिता सूर्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक उत्सव है। उन्होंने कहा कि देश में अलग-अलग नामों और स्वरूपों में आज सनातन धर्मावलंबी पूरी श्रद्धा के साथ इस आयोजन के साथ जुड़ते हैं। देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग नाम और रूपों में मकर संक्रांति पर्व को लोग मनाते हैं तथा उत्सव के साथ जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि असम में बिहू के रूप में, पंजाब में लोहड़ी के रूप में, सुदूर दक्षिण में पोंगल के रूप में, बंगाल व महाराष्ट्र में तिलवा संक्रांति के रूप में तथा उत्तर भारत में खिचड़ी संक्रांति के रूप में इस महापर्व को मनाया जाता है।

सीएम योगी ने कहा मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश की पवित्र नदियों, सरोवरों में स्नान, दान-पुण्य का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ प्रारंभ हो चुका है। यह मेरा सौभाग्य है कि गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली पर बाबा के श्रीचरणों में खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है।" मकर संक्रांति की बधाई देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों, श्रद्धालुओं को प्रयागराज महाकुंभ के पहले अमृत स्नान की भी बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एक तरफ भगवान गोरखनाथ की पावन तपस्थली पर आस्था की खिचड़ी चढ़ाई जा रही है तो दूसरी ओर इस सदी का पहला महाकुम्भ तीरथपति प्रयागराज में प्रारंभ हो चुका है।

**'महाकुंभ के प्रति जो आकर्षण देखने को मिल रहा है वह अद्भुत' :** मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के प्रति जो आकर्षण देखने को मिल रहा है वह अद्भुत एवं अकल्पनीय है। उन्होंने कहा कि कल सोमवार को लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाई और पुण्य के भागीदार बने। उन्होंने कहा कि आज प्रयागराज में संतों की अगुवाई में लाखों की संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त से ही पुण्य स्नान कर रहे हैं। उनके अनुसार, सनातन धर्म के प्रति आकर्षित तमाम विदेशी भी इस महाकुंभ के साक्षी बना रहे हैं। उन्होंने कहा ह्यह्यपर्व और त्योहार पर श्रद्धा का भाव अभिनंदनीय है। हम सब का प्रयास होना चाहिए कि हमारे पावन तीर्थ स्वच्छ और सुंदर बने रहें। इसके लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कतई न करें। कहीं भी, जहां-तहां गंदगी न करें।"

# दिल्ली- एनसीआर में कोहरे का कहर जारी 50 से ज्यादा ट्रेनें और 70 फ्लाइटें हुईं लेट

### एक्यूआई 250 से नीचे पहुंचा



**नई दिल्लीः** दिल्ली-एनसीआर में तीन दिन पहले हुई बारिश से सर्दी और ज्यादा बढ़ गई है। उधर, कोहरा होने से ट्रेनों और उड़ानों पर भी असर पड़ा है। दिल्ली में मंगलवार सुबह कोहरा छाया, जिससे वाहनों को अपना गाड़ी की लाइट जलाकर ही चलना पड़ा। वहीं, अगर बात प्रदूषण की करें तो आज थोड़ी राहत मिली है। दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में मंगलवार को एक्यूआई 250 से नीचे ही दर्ज किया गया है।ुहीं, मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण शाम या रात को रुक-रुक कर बहुत हल्की वर्षा हो सकती है।

कोहरे के कारण मंगलवार को ट्रेनों की आवाजाही बाधित रही। दिल्ली आने वाली लंबी दूरी की 50 से अधिक ट्रेनें देरी से चल रही हैं। अधिकांश लोकल ट्रेनें भी विलंब से चलने के कारण दैनिक यात्रियों की परेशानी हो रही है। देरी से गंतव्य पर पहुंचने के कारण कई ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ रहा है।

इस साल की शुरूआत से ही गुरुग्राम में ठंड का प्रकोप लगातार जारी है। एक दो दिन को छोड़ दिया जाए तो अधिकतर दिनों में बादल छाए रहे। सोमवार को भी रविवार जैसे हालात रहे। लोगों को दोपहर एक बजे तक सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। एक बजे के बाद धूप निकलने से लोगों को हल्की राहत मिली। वहीं इससे पारा जरूर एक डिग्री कम हो गया। शीतलहर से गलन बढ़ी हुई है। गुरुग्राम का न्यूनतम तापमान सोमवार को आठ डिग्री सेल्सियस रहा और अधिकतम 18.2 डिग्री दर्ज किया गया। बीते दिन रविवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस था। शीतलहर और धूप न निकलने से पारे में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि सोमवार को घना कोहरा तो नहीं रहा, लेकिन धुंध की हल्की चादर छाई रही। दोपहर एक बजे धूप खिलने से लोगों को राहत मिली। वहीं शाम को फिर से हवा चलने से गलन बढ़ गई। गुरुग्राम में शीतलहर के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है।

बड़ा हादसा टला

## विल्लुपुरम से पुडुचेरी जा रही पैसेंजर ट्रेन के पांच डिब्बे पटरी से उतरे



**चेन्नई :** तमिलनाडु में विल्लुपुरम से पुडुचेरी जा रही पैसेंजर ट्रेन के पांच डिब्बे विल्लुपुरम रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। पीआरओ रेलवे, चेन्नई के मुताबिक, तेज आवाज आने के बाद ट्रेन को तुरंत रोक दिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सभी यात्रियों को ट्रेन से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेलवे कर्मचारी और इंजीनियर घटनास्थल पर पहुंचे और पटरी से उतरी ट्रेन की मरम्मत के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

बताया गया कि रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत ही मोर्चा संभाला और अन्य ट्रेनों के लिए मार्ग साफ कर दिया। अधिकारी जांच कर रहे हैं कि यह घटना तकनीकी खराबी या इसकी कोई और वजह भी हो सकती है। विल्लुपुरम रेलवे पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

सैनिकों को मुकेश अंबानी का खास तोहफा

## जियो ने सियाचिन ग्लेशियर पर शुरू की 5जी सर्विस




**मुबंईः** रिलायंस जियो देशभर में अपनी कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। अब जियो ने एक नया इतिहास रच दिया है। दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर जियो ने अपना पहला 5जी टावर लगा दिया है। यह जानकारी भारतीय सेना की 'फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स' ने एक्स (पहले ट्विटर) पर साझा की है।

सियाचिन पर 5जी सेवा की शुरूआतः 15 जनवरी को सेना दिवस से ठीक पहले जियो ने सियाचिन ग्लेशियर पर 4जी और 5जी सेवा शुरू की। इस पहल को भारतीय सेना के लिए एक बड़ी सौगात माना जा रहा है। सियाचिन ग्लेशियर पर 5जी सेवा उपलब्ध कराने वाला जियो पहला ऑपरेटर बन गया है।

कठिन परिस्थितियों में टावर लगाना बड़ी चुनौतीः सियाचिन ग्लेशियर पर टावर लगाना बेहद मुश्किल काम था। यहां तापमान - 50डिग्री सेंटीग्रेड तक गिर जाता है और ठंडी हवाओं के साथ बफीर्ले तूफान आम हैं लेकिन जियो ने अपनी स्वदेशी फुल-स्टैक 5जी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए उत्तरी ग्लेशियर में यह टावर स्थापित कर दिया। जियो का यूजर्स को यूट्यूब प्रीमियम का तोहफाः जियो ने अपने यूजर्स के लिए एक और खुशखबरी दी है। अब जियो फाइबर और जियो एयर फाइबर यूजर्स को दो साल का फ्री यूट्यूब प्रीमियम सब्सक्रिप्शन मिलेगा।

## बच्ची का यौन शोषण और अश्लील चैट करने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार



**नई दिल्लीः** तमिलनाडु के मदुरै में भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी, एमएस शाह, पर गंभीर आरोप लगने के बाद उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शाह पर पोक्सो अधिनियम के तहत बच्ची के यौन शोषण का मामला दर्ज किया गया है।

**यौन शोषण के आरोपों की गंभीरता :** आरोपी पर पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने और अश्लील चैट करने का आरोप है। पीड़िता के पिता की लिखित शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने फोन से आपत्तिजनक चैट के सबूत जुटाए, जो शाह के अपराध में लिप्त होने की पुष्टि करते हैं।

**घटनाक्रमः** रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता के परिवार और आरोपी के बीच कई वर्षों से परिचय था। बच्ची के पिता अक्सर व्यावसायिक दौरों पर रहते थे, जिसके दौरान आरोपी ने बच्ची से नजदीकी बढ़ाई। आरोपी ने पीड़िता को घुमाने और खिलाने के बहाने अपने साथ रखा और उसका शोषण किया। घटना का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता की मां ने बच्ची का फोन देखा। फोन में शाह अंकल के नाम से चैटबॉक्स में अश्लील मैसेज पाए गए।

# मकर संक्रांति पर शेयर बाजार में उछाल, सेंसेक्स 450 अंक चढ़कर कर रहा कारोबार



**मुंबईः** भारतीय शेयर बाजार ने मंगलवार को मजबूती के साथ शुरूआत की, जिसमें सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में शुरूआती कारोबार में उल्लेखनीय बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 76,779 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 23,227 के स्तर पर चढ़ा। बाजार में इस सकारात्मक रुझान ने भारतीय रुपये को भी समर्थन दिया, जो अपने ऐतिहासिक निचले स्तर से उबर गया।

रूपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे की मजबूती के साथ 86.49 पर पहुंचा, जो इससे पहले के 86.70 के स्तर पर बंद हुआ था। इस सुधार का श्रेय कमजोर अमेरिकी डॉलर और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में नरमी को दिया गया। इससे पहले सोमवार को रुपये ने लगभग दो वर्षों में अपनी सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट दर्ज की थी, जिसमें यह 66 पैसे कमजोर हुआ था।

इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 86.57 पर खुला और फिर मजबूत होकर 86.49 पर पहुंचा। विशेषज्ञों के अनुसार, खुदरा महंगाई में गिरावट और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी से रुपये को समर्थन मिला है। दिसंबर महीने में खुदरा महंगाई चार महीने के निचले स्तर 5.22% पर पहुंच गई, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक को आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती का विकल्प मिल सकता है।

हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से 4,892.84 करोड़ के शेयरों की बिकवाली की। इसी बीच, डॉलर इंडेक्स 0.37% गिरकर 109.41 पर और ब्रेंट क्रूड वायदा कीमतें 0.28% घटकर $80.78 प्रति बैरल पर पहुंच गईं।

शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 364.90 अंक की बढ़त के साथ 76,694.91 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 123.65 अंक चढ़कर 23,209.60 के स्तर पर पहुंच गया।

खुदरा महंगाई के आंकड़े लगातार दूसरे महीने गिरावट दिखा रहे हैं। अक्टूबर में भारतीय रिजर्व बैंक की 6% की ऊपरी सहनशीलता सीमा को पार करने के बाद, अब यह नरम होकर पङ्क को ब्याज दरों में कटौती के लिए स्थान प्रदान कर रहा है।

